90वां दिन का पत्र-शिकायत नहीं (शेड्यूल से पीछे या कोई रिकॉर्ड नहीं)

तिथि:

प्रिय माता-पिता:

हमारे रिकॉर्ड के अनुसार, इस स्कूल वर्ष में आपका बच्चा Wisconsin Student Immunization Law (स्टुडेंट इम्यूनाइजेशन लॉ) का अनुपालन नहीं कर रहा था। इसका अर्थ यह है कि आपके बच्चे के पास उपयुक्त टीकाकरण का दस्तावेजीकरण नहीं था और फाइल पर कोई टीकाकरण से waiver (छूट) भी प्राप्त नहीं था।

टीकाकरण हमारे बच्चे को बीमारियों और इनके कारण होने वाली जटिलताओं से सुरक्षित रखने की सबसे महत्वपूर्ण विधियों में से एक है। टीकाकरण स्कूली उम्र के बच्चों के लिए खास तौर से महत्वपूर्ण है, क्योंकि स्कूली बच्चे नियमित रूप से दूसरे बच्चों के संपर्क में आते हैं, जिन्हें इन बीमारियों से सुरक्षा मिली है या नहीं, यह पता नहीं होता।

आने वाले महीने में, हम आपको आपके बच्चे के स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से अपने बच्चे का टीकाकरण कराने के लिए अपॉइंटमेंट लेने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। अपने बच्चे के स्वास्थ्य सेवा प्रदाता को Wisconsin Immunization Registry (इम्यूनाइजेशन रजिस्ट्री) और अपने बच्चे हेतु आपके द्वारा लिए गए किसी टीकाकरण रिकॉर्ड का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें, जिससे यह निर्धारित किया जा सके कि कौन सा टीका आपके बच्चे के लिए आवश्यक है। अगर आपके बच्चे का कोई स्वास्थ्य सेवा प्रदाता नहीं है, तो कृपया यह निर्धारित करने के लिए अपने स्थानीय स्वास्थ्य विभाग से संपर्क करें कि आपका बच्चा स्वास्थ्य विभाग में टीकाकरण प्राप्त करने के योग्य है या नहीं। स्थानीय स्वास्थ्य विभाग संपर्क जानकारी इस वेबसाइट पर प्राप्त की जा सकती है: https://www.dhs.wisconsin.gov/lh-depts/counties.htm

कृपया ध्यान रखें कि अगले स्कूल वर्ष में आपके बच्चे के टीकाकरण रिकॉर्ड का फिर से मूल्यांकन किया जाएगा, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि उसका अपने ग्रेड लेवल के अनुरूप पर्याप्त टीकाकरण हो चुका है या उसकी फाइल पर कोई waiver (छूट) प्राप्त है। अगर आपके बच्चे के लिए पर्याप्त दस्तावेजीकरण नहीं मिला तो हो सकता है कि उसे स्कूल न आकर घर में ही रहना पड़े।

टीका और टीकाकरण संबंधी अधिक जानकारी के लिए, कृपया इस वेबसाइट पर जाएँ: http://www.cdc.gov/vaccines/vac-gen/default.htm

टीकाकरण द्वारा जिन बीमारियों से बचाव हो सकता है, उन बीमारियों से Wisconsin स्कूल के सभी बच्चों को सुरक्षित रखने में हमारी मदद करने के लिए धन्यवाद।